# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी– विकास पंचोली (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 35/2020 (2020/00428) दर्ज दिनांक 18.08.2020

प्रा.प. अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

## शीर्षक

1. धर्मराज पिता पोखरचन्द भील वहैसियत सरपंच ग्राम पंचायत डेलाणा तहसील–सहाड़ा, जिला भीलवाड़ा

–प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार सहाड़ा मु. गंगापुर ,जिला–भीलवाड़ा

–विपक्षी

वकिल प्रार्थीगण:– श्री गणपत राणवा

विपक्षी:– पेरोकार सरकार

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम

## :: निर्णय ::

दिनांक 25.09.2020

प्रार्थीगण ने दिनांक 18.08.2020 को एक प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट विपक्षी के विरूद्ध प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम काली मंगरी का खेड़ा पटवार क्षैत्र डेलाणा तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा के अन्दर हल्का आबादी में खाता संख्या 1 में अंकित आराजी संख्या 1019 रकबा 0.01 हे0, 1024 रकबा 0.01 हे0, 1025 रकबा 0.01 हे0, 1046 रकबा 0.01 हे0, 960 रकबा 0.01 हे0, 961 रकबा 0.01 हे0, 968 रकबा 0.01 हे0, 995 रकबा 0.01 हे0, 996 रकबा 0.01 हे0, 1001 रकबा 0.02 हे0, 1022 रकबा 0.02 हे0,1026 रकबा 0.02 हे0, 1029 रकबा 0.02 हे0, 1032 रकबा 0.02 हे0, 1033 रकबा 0.02 हे0,1036 रकबा 0.02 हे0, 1038 रकबा 0.02 हे0, 1039 रकबा 0.02 हे0, 1045 रकबा 0.02 हे0, 959 रकबा 0.02 हे0, 988 रकबा 0.02 हे0, 1000 रकबा 0.03 हे0, 1015 रकबा 0.03 हे0, 1016 रकबा 0.03 हे0, 1023 रकबा 0.03 हे0, 1028 रकबा 0.03 हे0, 1037 रकबा 0.03 हे0, 1040 रकबा 0.03 हे0, 1041 रकबा 0.03 हे0, 965 रकबा 0.03 हे0, 966 रकबा 0.03 [illegible] 1074 रकबा 0.03 हे0, 989 रकबा 0.03 हे0,992 रकबा 0.03 हे0, 997 रकबा 0.03 हे0, 998 रकबा 0.03 हे0, 999 रकबा 0.03 हे0, 1020 रकबा 0.04 हे0, 1021 रकबा 0.04 हे0, 1031 रकबा 0.04 हे0, 1035 रकबा 0.04 हे0, 520 रकबा 0.04 हे0, 950 रकबा 0.04 हे0, 953 [illegible] हे0, 962 रकबा 0.04 हे0,

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.13 11:11:20 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
गंगापुर जिला भीलवाड़ा

Scanned with CamScanner

963 रकबा 0.04 हे0, 964 रकबा 0.04 हे0, 972 रकबा 0.04 हे0, 974 रकबा 0.04 हे0,1002 रकबा 0.05 हे0, 1003 रकबा 0.05 हे0,1034 रकबा 0.05 हे0, 486 रकबा 0.05 हे0, 488 रकबा 0.05 हे0, 502 रकबा 0.05 हे0, 503 रकबा 0.05 हे0, 505 रकबा 0.05 हे0, 956 रकबा 0.05 हे0, 957 रकबा 0.05 हे0, 971 रकबा 0.05 हे0, 980 रकबा 0.05 हे0, 982 रकबा 0.05 हे0, 983 रकबा 0.05 हे0, 986 रकबा 0.05 हे0, 987 रकबा 0.05 हे0,1018 रकबा 0.06 हे0, 1027 रकबा 0.06 हे0, 485 रकबा 0.06 हे0, 500 रकबा 0.06 हे0, 10 रकबा 0.06 हे0, 951 रकबा 0. 06 हे0, 967 रकबा 0.06 हे0, 984 रकबा 0.06 हे0, 985 रकबा 0.06 हे0, 1030 रकबा 0.07 हे0, 501 रकबा 0.07 हे0, 506 रकबा 0.07 हे0, 955 रकबा 0.07 हे0, 994 रकबा 0.07 हे0, 481 रकबा 0.08 हे0, 991 रकबा 0.08 हे0, 484 रकबा 0.09 हे0, 496 रकबा 0.09 हे0, 499 रकबा 0.09 हे0, 1013 रकबा 0.10 हे0, 1062 रकबा 0.10 हे0, 487 रकबा 0.10 हे0, 497 रकबा 0.10 हे0, 504 रकबा 0.10 हे0, 507 रकबा 0.10 हे0, 954 रकबा 0.10 हे0, 973 रकबा 0.10 हे0, 1017 रकबा 0.11 हे0, 489 रकबा 0.11 हे0, 495 रकबा 0.11 हे0, 958 रकबा 0.11 हे0, 970 रकबा 0.11 हे0, 474/1680 रकबा 0.12 हे0, 976 रकबा 0.12 हे0, 981 रकबा 0.12 हे0, 991/1672 रकबा 0.12 हे0, 482 रकबा 0.13 हे0, 521 रकबा 0.13 हे0, 952 रकबा 0.13 हे0, 480 रकबा 0.14 हे0, 969 रकबा 0.14 हे0, 512 रकबा 0.15 हे0, 492 रकबा 0.16 हे0, 493 रकबा 0.17 हे0, 513 रकबा 0.17 हे0, 515 रकबा 0.17 हे0, 990 रकबा 0.17 हे0, 509 रकबा 0.21 हे0, 494 रकबा 0.24 हे0, 483 रकबा 0.25 हे0, 522 रकबा 0.35 हे0, 514 रकबा 0.56 हे0, 1014 रकबा 4.28 हे0, 975 रकबा 0.24 हे0 **कुल किता 119 रकबा 12.72 हे0** । इसी प्रकार ग्राम डेलाणा की आराजी संख्या 1119 रकबा 0.04 हे0, 1118 रकबा 0.11 हे0,1690 रकबा 0.09 हे0, 1678 रकबा 0.13 हे0, 1716 रकबा 0.42 हे0, 2114 रकबा 0.46 हे0, 1401 रकबा 0.65 हे0, 1715 रकबा 0.71 हे0, 1674 रकबा 1.38 हे0, 1691 रकबा 1.85 हे0, 1152 रकबा 6.70 हे0 **कुल किता 11 कुल रकबा 12.54 हे0**। इसी प्रकार ग्राम खातीखेड़ा के अन्दर हल्का आबादी में स्थित आराजी संख्या 217 रकबा 0.02 हे0, 218 रकबा 0.03 हे0, 402/688 रकबा 0.04 हे0, 275/689 रकबा 0.06 हे0, 400 रकबा 0.13 हे0, 214 रकबा 0.14 हे0, 213 रकबा 0.67 हे0, 120 रकबा 0.81 हे0, 265 रकबा 1.19 हे0, 195 रकबा 1.25 हे0 **कुल किता 10 कुल रकबा 4.34 हे0** भूमियां गेमु0 आबादी की होकर बिलानाम गैर काबिल काश्त में है।

यह कि उक्त वर्णित समस्त आराजियात की किस्म गेमु0 आबादी की है एवं भूमियां बिलानाम गैर काबिल काश्त दर्ज होने से ग्राम पंचायत डेलाणा की पट्टे जारी करने में परेशानी आ रही है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.13 11:11:20 IST
Reason: SelfAttested

2.

उप खण्ड अधिकारी
गंगापुर जिला भीलवाड़ा

Scanned with CamScanner

प्रकरण संख्या :– 35/2020 (2020/00428)
प्रा.प. अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

यह कि ग्राम डेलाना की साबिक आराजी संख्या 760/1 मीन, 343/1, 271/3, 305 मीन 725, 741, 411, 760/1घ, 725/15 एवं इसी प्रकार ग्राम काली मंगरी का खेड़ा की साबिक आराजी संख्या 34/2, 178 मीन, 91/1, 202/1 उक्त भूमियां जिलाधीश महोदय भीलवाड़ा के अलग–अलग आदेशों में आबादी विस्तार हेतु आदेश प्रसारित किये गये है। आदेश की पालना में उक्त जमीनें गेमु0 आबादी में परिवर्तित कर दी गई एवं लगान प्रिमियम भी ग्राम पंचायत डेलाणा द्वारा अदा की गई है। किन्तु आबादी प्रयोजनार्थ ग्राम पंचायत डेलाणा के नाम नहीं की गई है एवं उक्त सभी आराजियात बिलानाम गैर काबिल काश्त में निहित हो गई है जिसे ग्राम पंचायत डेलाना पंचायत के अधीन कराया जाना आवश्यक व न्यायोचित है।

यह कि उक्त भूमियों पर आबादी बसी हुई है तथा लोगों के वर्षों पुराने मकान भी बने हुए है लेकिन भूमियां बिलानाम गैर काबिल काश्त होने से ग्राम पंचायत डेलाणा द्वारा पट्टे जारी नहीं किये जा रहे है।

यह कि उक्त गेमु0 आबादी की भूमियां रख रखाव व विकास ग्राम पंचायत डेलाणा द्वारा ही किया जा रहा है तथा ग्राम पंचायत के ही कब्जे में है, किन्तु बिलानाम गैर काबिल काश्त में निहित होने से ग्राम पंचायत को आबादी विस्तार , विकास एवं रख रखाव आदि में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है जिससे गेमु0 आबादी भूमि पंचायत के नाम कराया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

अतः सादर प्रार्थना हैं कि प्रार्थीगण का प्रार्थनापत्र स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थना पत्र में वर्णित ग्राम काली मंगरी का खेड़ा की आराजियात कुल किता 119 कुल रकबा 12.72 हे0, ग्राम डेलाणा की आराजियात कुल किता 11 कुल रकबा 12.54 हे0 इसी प्रकार ग्राम खाती खेड़ा की कुल आराजियात कुल किता 10 कुल रकबा 4.34 हे0 को बिलानाम काबिल काश्त से पंचायत के नाम दर्ज किये जाने का आदेश फरमाया जावें।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। विपक्षी को विधिवत सूचना पत्र जारी किया गया। विपक्षी सं. 1 की ओर से राजकीय पेरोकार नायब तहसीलदार ने अपना जवाब प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र के पेरा संख्या 1 लगायत 3 को रेकार्ड अनुसार स्वीकार किया एवं पेरा संख्या 4 को वादी स्वयं सिद्ध करें। तथा पेरा संख्या 5 लगायत 6 स्वीकार की है एवं पेरा संख्या 7, 8, 9 को न्यायिक बताक कर प्रार्थना की है कि ग्राम कालीमंगरी का खेड़ा की आराजी नं0 975 रकवा 0.2400 हे0 जमाबंदी के खाता संख्या 1 में राजकीय भवनों हेतु आरक्षित दर्ज है अतः आराजी नं0 975 को छोड़ कर शेष समस्त आराजीयात ग्राम विकास पंचायत डेलाणा के खाते में दर्ज किया जाना उचित है। आवादी नक्शा [illegible] की प्रति संलग्न है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.13 11:11:20 IST
Reason: SelfAttested



उप खण्ड अधिकारी
गंगापुर जिला भीलवाड़ा

Scanned with CamScanner

प्रकरण संख्या :— 35/2020 (2020/00428)
प्रा.प. अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

प्रार्थी अधिवक्ता ने दौराने बहस प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का दौहराया और अपने प्रार्थनापत्र के समर्थन में साबिक राजस्व रेकार्ड की जमावंदी की नकल एवं साबिक नक्शा, मिलान क्षेत्रफल एवं नवीन राजस्व जमावंदी एवं नक्शे की नकल पेश कर सादर प्रार्थना हैं कि प्रार्थीगण का प्रार्थनापत्र स्वीकार फरमाया जावें।

उक्तानुसार बहस तथा पेरोकार सरकार का जवाब एवं रेकार्ड का आद्योपान्त अवलोकन किया गया । एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी विस्तार हेतु भूमि आरक्षित करने के संबंध में राजस्थान –सरकार राजस्व ग्रुप–3 विभाग के परिपत्र कमांक प. 2(379) राज/ग्रुप–3/81 दिनांक 01.06.1983 में वर्णितानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय एवं राजकीय प्रयोजनार्थ राजस्व ग्रुप–3 विभाग द्वारा पूर्व में पारित आदेश संख्या प 2. (4)राज./ग्रुप–3/81 दिनांक 16.02.81 की पालना में । तथा पेरोकार सरकार द्वारा प्राप्त जवाब अनुसार ग्राम कालीमंगरी का खेड़ा की आराजी नं0 975 रकबा 0.2400 हे0 जमाबंदी की खाता संख्या 1 में राजकीय भवनों हेतु आरक्षित दर्ज होने से आराजी नं0 975 को छोड़कर शेष समस्त आराजियात बिलानाम काबिल काश्त से पंचायत के नाम दर्ज किया जाना उचित है। अतएवं –

## :: आदेश ::

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रा0 पत्र अन्तर्गत धारा 136 आर.टी.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। तथा प्रार्थना पत्र में वर्णित ग्राम काली मंगरी का खेड़ा की आराजियात कुल किता 119 कुल रकबा 12.72 हे0 में से आराजी संख्या 975 रकबा 0.24 हे0 को छोड़कर, ग्राम डेलाणा की आराजियात कुल किता 11 कुल रकबा 12.54 हे0 इसी प्रकार ग्राम खाती खेड़ा की कुल आराजियात कुल किता 10 कुल रकबा 4.34 हे0 को बिलानाम काबिल काश्त से पंचायत के नाम दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है।

निर्णय खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया । पालनार्थ तहसीलदार सहाड़ा मुकाम गंगापुर को लिखा जावे । पत्रावली बाद दाखला रजिस्टर के फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

25/09/2020

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी, गंगापुर 4-
जिला भीलवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.13 11:11:20 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner